BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL
PHYSICAL EDUCATION & SPORTS DEPARTMENT, BHOPAL

S.N-6773/ DPE/BU/2019-20 **Date : 24.08.2019**

अधिसूचना

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल से सम्बद्व समस्त महाविद्यालय को इस पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि अंतर महाविद्यालयीन क्रास कन्ट्री रेस (पु/म) प्रतियोगिता 2019–20 का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल द्वारा दिनांक 05.09.2019 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले समस्त महाविद्यालयों से आग्रह है कि वह अपने दल के साथ दिनांक 05.09.2019 को प्रात– 6.30 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग मे उपस्थित होने का कष्ट करें। जिससे कि प्रतियोगिता समय पर आरम्भ हो सके।

1. प्रतियोगिता में एक संस्था से अधिकतम 06 (पुरूष) एवं 06 (महिला) प्रतिभागियों को ही भाग लेने की पात्रता है।
2. महाविद्यालय दल के साथ प्रशिक्षक/व्यवस्थापक का होना अनिवार्य है। अन्यथा महाविद्यालय को प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता नही होगी।
3. सभी प्रतिभागियो को अपने साथ शासकीय चिकित्सक द्वारा प्रदान किया हुआ चिकित्सा प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र के अभाव मे खिलाडियों को प्रतियोगिता में भाग नही लेने दिया जायेगा।
4. भारतीय विश्वविद्यालय संध द्वारा निर्धारित पात्रता प्रमाण पत्र में विस्तृत विवरण भरकर प्राचार्य एवं क्रीड़ा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पात्रता **प्रमाण पत्र तथा फीस रशीद** अनिवार्य है।
5. प्रत्येक महाविद्यालय को पात्रता प्रमाण पत्र के साथ यह प्रमाणित करना अनिवार्य है कि उन्होंने आज दिनांक 01.09.2019 तक के समस्त शारीरिक कल्याण शुल्क विश्वविद्यालय में जमा कर दिया है l
6. क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा l

नोट :- दिनांक 05.09.2019 को प्रातः 10 बजे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय कि अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता 2019-20 प्रतियोगिता आयोजन कि बैठक आयोजित की गई है जो भी महाविद्यालय खेलो कि मेजवानी करना चाहते है वे खेल आयोजन का माँग पत्र प्राचार्य से हस्ताक्षरित कराकर प्रस्तुत करें l

खेलों के नाम इस प्रकार है :-

1. तैराकी (म./पु.) 2. सॉफ्टबॉल(म./पु.) 3. शूटिंग (म./पु.) 4. जिम्नास्टिक एवं मलखम्ब (म./पु.) 5. बैट लिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग (म./पु.) बेस्ट फिजिक (पु.) 6. बाल बेडमिंटन (म./पु.) 7. रोप स्कीपिंग (म./पु.) 8. फेन्सिंग (म./पु.) 9. बॉक्सिंग (म./पु.) 10. कराते (म./पु.) 11. तईक्वांडो (म./पु.) 12. वुशू (म./पु.) 13. केनोइंग एवं कयाकिंग (म./पु.) 14. बेसबॉल (म./पु.) 15. हेंडबाल (म./पु.)

संचालक
शारीरिक शिक्षा विभाग
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

S.No- 6774/DPE/BU/2019-20 **Date : 24.08.2019**

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय के निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. माननीय कुलसचिव महोदय के निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
3. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल से सम्बद्व समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचनार्थ।

संचालक
शारीरिक शिक्षा विभाग